लखनऊ, सोमवार
24 फरवरी 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

मंथन गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की 68 समितियों के पदाधिकारियों संग हुई बैठक

अतिक्रमण की समस्या जल्द करें दूर

जागरण संवाददाता, लखनऊ : गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की 68 समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों संग रविवार को हुई बैठक में अतिक्रमण और अवैध कब्जों के मुद्दे उठे। पदाधिकारियों के साथ कार्यपालिका की यह बैठक विनीत खंड छह में हुई। बैठक में विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, रक्षामंत्री के प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, महापौर संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, सांसद, विधायक मौजूद रहें।

कार्यपालिका बैठक में सर्वसम्मति से खाली पड़े प्लॉटों, अवैध झुग्गी झोपड़ियों, नगर निगम, विकास प्रधिकरण, रेलवे, हरित पट्टी, पार्कों व ओवर ब्रिज के नीचे अवैध कब्जों, पार्किंग स्थायी रूप से हटवाकर स्वच्छता, सुरक्षा व यातायात की समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया गया। इसके अलावा अतिक्रमणमुक्त सड़कें, सड़कों, गलियों, नालियों की नियमित सफाई, घरों से नियमित कूड़े की उठान, फुटपाथ पर इंटर लॉकिंग टाइल्स लगवाना, 24 घण्टे जल

आपूर्ति, पार्किंग, अवैध डेयरियों को हटवाना आदि सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान गोमती नगर की डॉयरेक्ट्री के प्रकाशन, वार्षिकोत्सव, पीएनजी कनेक्शन एवं सुरक्षा गेट बनवाने, स्कूलों की बसों व अन्य वाहनों को स्कूल कैंपस में खड़ा करने की व्यवस्था करने का आग्रह किया गया। महासमिति के महासचिव डॉ. राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि महासमिति को युवा उत्सव 2020 में सामाजिक कार्यों व जन सहभागिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। स्मार्ट मिशन की समिति में सरकार द्वारा सदस्य के रूप में नामित किया गया है तथा महासमिति के द्वारा सरकार, नगर विकास व नगर निगम को जीआईएस सर्वे के सम्बन्ध दिये गये अधिकतर सुझावों की स्वीकृति प्रदान करने के लिये धन्यवाद दिया गया। बैठक के दौरान गोमतीनगर की जन समस्याओं, सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में उठे मुद्दों का त्वरित निस्तारण किया। इसके अलावा 25 प्रस्तावों पर सहमति बनी। बैठक में युवा नेता नीरज सिंह, पार्षद संजय सिंह राठौर, राकेश त्यागी, रूप कुमार शर्मा, डॉ. पशुपति पांडेय, राजेश श्रीवास्तव, अर्चना शुक्ला, एके राय, डॉ. आरसी मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहें।

किरायेदारों के सत्यापन में देरी से हो रहीं वारदातें

जागरण संवाददाता, लखनऊ : अलकनंदा अपार्टमेंट के गेट पर छात्र प्रशांत सिंह की चाकू से गोदकर हत्या की घटना के बाद गोमती नगर विस्तार महासमिति ने रविवार को कार्यकारिणी की बैठक की। पदाधिकारियों ने किरायेदारों के सत्यापन को लेकर सवाल उठाए गए। कहा कि, सत्यापन में पुलिस की देरी की वजह से ही इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

महासमिति के सचिव उमाशंकर दुबे ने बताया कि विस्तार में रहने वालों का पुलिस सत्यापन को लेकर कई बार पुलिस को पत्र लिखा गया। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं की गई। फिर से उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा गया। साथ ही महासमिति ने विस्तार थाना को तत्काल संचालित करने की मांग की। बैठक में गोमतीनगर विस्तार के करीब 25 स्थानों पर पुलिस बूथ बनाने के सुझाव भी आए। मांग रखी गई कि सभी अपार्टमेंट के गेट पुलिस बूथ की निगरानी की व्यवस्था हो। प्रत्येक बूथ में चार से छह कुर्सियां अन्य साधन और चार सीसी कैमरे लगेंगे। यही नहीं बूथ पर आपातकालीन हूटर की व्यवस्था करने की बात भी की गई। निर्णय लिया गया कि इस संबंध में सोमवार को पुलिस आयुक्त को पत्र दिया जाएगा।